सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

प्रथम संकलनात्मक मूल्यांकन : सितंबर - 2024

विषय:हिंदी कक्षा:नौवीं अंक:80 समय:3-00 घंटे

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार - चार विकल्प सुझाए गये हैं , उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8

1. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है -
   [A] दरवाज़ा [B] झंडे [C] ओढ़नी [D] थाली
2. 'स्वदेश' शब्द का विलोम रूप है -
   [A] प्रदेश [B] शहर [C] गाँव [D] विदेश
3. 'औरत' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -
   [A] महिला [B] पुरुष [C] मानव [D] मनुष्य
4. 'विद्यालय' शब्द में संधि है -
   [A] गुण संधि [B] दीर्घ संधि [C] यण् संधि [D] अयादि संधि
5. निम्नलिखित में से 'स्त्रीलिंग' शब्द है -
   [A] ब्राह्मण [B] बेटी [C] पुतला [D] अकेला
6. 'पानी पिलाना' मुहावरे का अर्थ है -
   [A] बुरा होना [B] क्रोधित होना [C] पानी आना [D] सबक सिखाना
7. निम्नलिखित में से 'संज्ञा' शब्द है -
   [A] तुम [B] वे [C] घोड़ा [D] मुझे
8. कब से ऐसा होता आ रहा है ?
   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है -
   [A] प्रश्नवाचक [B] पूर्ण विराम [C] भावसूचक [D] योजक चिन्ह

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

9. विवेकानंद के पिता : विश्वनाथ दत्त :: माता : ....
10. नोंगक्रेम : नृत्य :: बेहडेनखलाम : ....
11. भीम : मानव :: बकासुर : ....
12. लाल रंग : रुकना :: हरा रंग : ....

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4

13. झंडा किससे बना ?
14. दोपहर होने पर मौसी कहाँ पहुँच जाती थी ?
15. कवि किस देवी की वंदना कर रहे हैं ?
16. आज किसको बचाने की माँग है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16

17. भाई को बहन कैसे विदा करती है ?
18. विवेकानंद की रुचि किन-किन विषयों में थी ?
19. मौसी बच्चों को कौन-कौन-सी कहानियाँ सुनाती थी ?
20. मॉसमाई गाँव की गुफाएँ कैसी हैं ?
21. दुर्घटना से बचने के कोई दो उपाय लिखिए।
22. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?
23. कल्पना चावला का जन्म कहाँ हुआ ? उसे प्यार से पूरा देश क्या कहता है ? **अथवा**

कल्पना की बचपन की क्या आकांक्षा थी ?

24. बाबू भाई ने किन-किन से मदद माँगी? **अथवा** बाबू भाई मन-ही-मन क्या सोचने लगे?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9 × 3 = 27

25. विवेकानंद ने भारत वासियों को क्या उपदेश दिया ?
26. 'माइती बाजार' के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
27. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?
28. विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?
29. भाई को गिरते देखकर बहन ने क्या किया ?
30. चौराहों पर दिए गए संकेतों को विस्तार से बताइए।
31. "दिल में आग दबाकर" का मतलब क्या है ?
32. निम्नलिखित कविता का भावार्थ लिखिए :

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि
जीव जगत के मित्र सभी।
इनकी रक्षा करना,
अब कर्तव्य हमारा।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

सब लोग अपनी बारी भुगतते हैं। न भुगते तो वह राक्षस सारे नगर को उजाड़ दे। हज़ारों मनुष्यों को एक साथ खा जाए।

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8

34. मौसी की खुशी जीवन का वर्णन कीजिए। **अथवा**

बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

जय-जय ....
....
....
....
.... हरा-भरा।

VII. 36 **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** 4 × 1 = 4

सालुमारदा तिम्मक्का का नाम आज कर्नाटक के कोने-कोने में व्याप्त है।तिम्मक्का का जन्म तुमकूर ज़िला , गुब्बी तालुका में एक छोटे से गाँव कक्केनहल्ली में हुआ । उनके पिता चिक्करंगय्या और माता विजयम्मा थे। तिम्मक्का इनकी छ: संतानों में से एक थी। तिम्मक्का के माँ-बाप मेहनत-मजदूरी करते हुए अपना पेट पालते थे।

(क) तिम्मक्का का जन्म कहाँ हुआ ? (ख) तिम्मक्का के माता-पिता कौन थे ?
(ग) तिम्मक्का के माता-पिता अपना पेट कैसे पालते थे ?
(घ) किनका नाम कर्नाटक के कोने-कोने में व्याप्त है ?

VIII. 37. **किसी एक विषय के बारे में 12 - 15 वाक्यों में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4

(क) पर्यावरण की रक्षा (ख) अनुशासन का महत्व (ग) राष्ट्रभाषा हिंदी

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5

38. दो दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए : **अथवा**

परीक्षा तैयारी के बारे में अपनी माताजी को पत्र लिखिए :